कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 10630 / एम–6 / 172 दिनांक 24.08.2026

विषयः– **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर–ई समाचार पत्र में दिनांक 21.08.2026 को ''मीरजापुर में ग्राम चौपाल में अधिकारी ही गायबः जगापट्टी में जल जीवन मिशन की अधूरी पाइप लाइन और बिजली कटौती पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा'' शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई–समाचार पत्र में दिनांक 21.08.2026 को ''मीरजापुर में ग्राम चौपाल में अधिकारी ही गायबः जगापट्टी में जल जीवन मिशन की अधूरी पाइप लाइन और बिजली कटौती पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा'' शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड कोन में महुआरी ग्राम समूह पेयजल योजना–भूजल स्रोत द्वारा जलापूर्ति की जाती है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम जगापट्टी की मुख्य पेयजल पाइप लाइन चील्ह गोपीगंज मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। उक्त के समाधान हेतु लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। समाचार पत्र में वर्णित ग्राम चौपाल में उपस्थिति न होने के क्रम में अवगत कराना है कि ग्राम चौपाल में निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया था।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता